केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
राजभाषा अनुभाग

सं. 20–9/12/16-राभा

दिनांक 08/05/2022

परिपत्र

विषय – ''सड़क दर्पण'' पत्रिका, अंक 23 का प्रकाशन ।

संस्थान के कार्मिकों को राजभाषा हिंदी में लेखन हेतु प्रेरित करने के लिए पिछले कई वर्षों से आंतरिक गृह-पत्रिका ''**सड़क दर्पण**'' का प्रकाशन किया जा रहा है। निदेशक महोदया ने हिंदी पत्रिका ''**सड़क दर्पण**'' के अंक 23 का प्रकाशन करने के लिए तकनीकी परामर्श समिति का निम्नलिखित पुनर्गठन किया है –

1) श्री सुनील जैन, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक - अध्यक्ष
2) डा. रवींद्र कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक - सदस्य
3) श्री मनोज कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक - सदस्य

तकनीकी परामर्श समिति पत्रिका के लिए प्राप्त रचनाओं, विशेष रूप से शोध पत्रों की तकनीकी दृष्टि से जांच करेगी तथा प्रकाशन हेतु उनकी उपयुक्तता का निर्धारण करेगी।

''**सड़क दर्पण**'' के आगामी अंक 23 के शीघ्र प्रकाशन की योजना है। पत्रिका में प्रकाशन के लिए संस्थान के कार्मिकों, अनियमित कार्मिकों तथा उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा लिखे गए लेख, यात्रावृतांत, कविताएं व अन्य रचनाएं आमंत्रित की जाती हैं। पत्रिका के विषय-सामग्री के फांट की एकरूपता बनाए रखने के लिए सभी लेखकों से अपनी रचनाएं मंगल यूनिकोड फांट में तैयार करके भेजने का अनुरोध है।

पत्रिका के लिए रचनाएं भेजते समय कृपया ध्यान रखें कि ये रचनाएं राजभाषा हिंदी तथा सामान्य विषयों से संबंधित होनी चाहिए। यह भी आवश्यक है कि ये लेख **मूल रूप से हिंदी में लिखी गई हों।** अपनी रचनाओं के संबंध में लेखकों के लिए यह प्रमाणपत्र देना आवश्यक होगा कि उनका लेख/प्रकाशनार्थ भेजी गई सामग्री उनकी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कहीं भी प्रकाशित नहीं हुई है। यदि अन्यत्र स्रोतों (इंटरनैट, पुस्तक आदि) से सहायक सामग्री ली गई हो तो लेख के अंतर्गत स्रोतों/संदर्भों का यथास्थान अंकन एवं अंत में संदर्भ-सूची का उल्लेख करना आवश्यक होगा।

'सड़क दर्पण'' में प्रकाशन हेतु रचनाएं राजभाषा अनुभाग को **दिनांक 20 मई 2022** तक भिजवाई जा सकती हैं। लेखक कृपया ध्यान दें कि रचनाओं की मुद्रित प्रति के साथ इसकी सॉफ्टप्रति ईमेल से भेजनी आवश्यक होगी। लेखकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि तक रचनाओं की सॉफ्टप्रति ईमेल पते **sanjayc.crri@nic.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि कार्मिकों को 'सड़क दर्पण' पत्रिका में प्रकाशन के लिए हिंदी में लेखन हेतु प्रोत्साहित करें तथा दिनांक 20.05.22 तक रचनाएं देने के लिए प्रेरित करें।

08/5/22

(संगीता बैनर्जी)
वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि

1. निदेशक महोदय का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय
3. प्रशासन अधिकारी का कार्यालय
4. सभी अनुभागों/प्रभागों के प्रमुख
5. कार्यालय प्रति
6. सूचना पट्ट